Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
Discount Code TBC10
Contact:
Kunika Advrtising
Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad
Mo. 8130640000

Year-14 issue- 16
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473


12 September to 18 September 2022
Postal Registration No.UP/GZB-80/2016-18
Mo.9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

Page 03 बाल संरक्षण मुद्दों पर जिला स्तरीय...



Page 05 गाजियाबाद में सुखोई के पार्ट...



Page 07 72 साल के हुए पीएम... ...



# 19 से 20 नवम्बर को 24 वां विवाह योग्य ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन

गाजियाबाद न्यूज। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का 24 वां विवाह योग्य ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन गाजियाबाद के लोहिया नगर में 19 से 20 नवम्बर को होगा। इसकी युद्वस्तर पर तैयारियां चल रही हैं ताकि कार्यक्रम को सुनियोजित तरीके से सफल बनाया जा सके।

एक बैठक के दौरान महासभा के पैटर्न मेंबर जेके गौड़ ने अभी तक संगठन द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यो पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही महासभा के सभी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। श्री जेके गौड़ ने कहा कि 24 वें सम्मेलन के लिए करीब 1000 युवक-युवतियों के रजिस्ट्रेशन होने की संभावना है। गाजियाबाद के अलावा दिल्ली एनसीआर में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों से लोग कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आयोजन समिति की ओर से उनके ठहरने व भोजन का पूरा इंतजाम किया जाएगा। विवाह के योग्य युवक व युवती 10 नवम्बर 2022 तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि प्लाट नंबर-516 फ्रेंड्स को-ऑपरेटिव सोसायटी वसुंधरा सेक्टर-12 में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के नया क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया है। यहां भी अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन और अन्य किसी भी तरह की जानकारी हासिल कर सकते हैं। बैठक में विजय भारद्वाज, वाइस प्रेसिडेंट आदेश शर्मा, संदीप शर्मा, बुद्वप्रकाश शर्मा, जेपी शर्मा, समाजसेवी डॉ धीरज कुमार भार्गव, देवेंद्र भारद्वाज, जयनंद शर्मा, अशोक शर्मा, सुभाष शर्मा, आदेश शर्मा, विजय भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



### वसुंधरा सेक्टर-12 में खोला जाएगा क्षेत्रीय कार्यालय

कार्यक्रम संयोजक डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि प्लाट नंबर-516 फ्रेंड्स को-ऑपरेटिव सोसायटी वसुंधरा सेक्टर-12 में बुधवार को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के नया क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाएगा। यहां भी अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन और अन्य किसी भी तरह की जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### क्षेत्रीय कार्यालय

लोनी गाजियाबाद रोड टीला शाहबाजपुर, चिरोड़ी रोड निकट जनता इंटर कालेज और हैप्पी माडल स्कूल खन्ना नगर लोनी में भी अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय कार्यालय खोले गए हैं ताकि सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों की हर संभव मदद की जा सके।

TIRUPATIEYE

## प्रदेश के 27 हजार परिषदीय विद्यालयों की 2023 तक होगी बाउंड्रीवाल

**टीबीसी न्यूज।** प्रदेश में करीब 27 हजार परिषदीय विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं है। इससे कहीं विद्यालय की जमीन पर कब्जे हो रहे हैं तो कहीं स्कूलों में जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है। परिसर में पौधे भी नहीं लग पाते और छुट्टी के बाद अराजकतत्व भी बेरोकटोक विद्यालय में जमा हो जाते हैं। इस समस्या के निदान के लिए अब मनरेगा से ऐसे स्कूलों की चहारदीवारी बनवाई जाएगी। इसकी कवायद शुरू हो गई है। बीते दिनों ग्राम्य विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में इन विद्यालयों की चहारदीवारी बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार बीते दिनों हुई मंडलीय गोष्ठियों में कुशीनगर व एटा के डीएम ने छह माह में सभी विद्यालयों की चहारदीवारी बनवाने का वादा किया है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 1.33 लाख विद्यालयों में से 27 हजार विद्यालय चहारदीवारी विहीन हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों को संवारने का काम चल रहा है। सभी जगह 2023 तक बाउंड्रीवाल बनवाने का लक्ष्य है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में चहारदीवारी न होने से जानवरों का विद्यालय में घुसना सबसे बड़ी समस्या है। कई स्कूल नदी, तालाब या नाले किनारे स्थित हैं। इससे छोटे बच्चों के खेलते हुए बाहर जाने या दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अराजकतत्वों से भी शिक्षकों को कई बार भिड़ना पड़ता है। इसलिए चहारदीवारी का निर्माण जरूरी है।

# इंदिरापुरम जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया ग्रांड पेरेंट्स डे

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रांड पेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल निधि गौड़ ने बच्चों को दादा,दादी और नाना-नानी का महत्व बताया। बचपन की यादों को उजागर करते हुए चंदा मामा, नाना-नानी की कई कविताओं के जरिए भी बच्चों को बड़ों का महत्व समझाया।

उन्हीं की छत्रछाया में रहकर बच्चे नैतिक मूल्यों को सीखते है और वही बच्चों के कोमल मन में संस्कारों का बीजारोपण करते है। कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके दादा-दादी से जुड़े विभिन्न प्रकार के खेलों की रोचक प्रस्तुति दी गई। खेलों के विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गए। विद्यालय के चेयरमैन जेके गौड़ ने कहा जैसे जैसे समय बदल रहा है तो परिवार का विघटन होने लगा है। लेकिन संयुक्त परिवार में सभी का प्यार मिलता है और उसके जरिए ही संस्कार मिलते हैं। अगर संयुक्त परिवार नहीं है तो बच्चे अपने बुजुर्ग अभिभावकों के प्यार एवं देखभाल से वंचित होने लगते हैं।

विद्यालय के निदेशक वरुण गौड ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यालय का एक मात्र उद्देश्य बच्चों का चहुंमुखी विकास करना है जो बुजुर्गों के स्नेह और मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यही वह अवस्था है जब हम बच्चों को अच्छे संस्कार दे सकते है और यह आदान-प्रदान बड़ों के सहयोग के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। इसके साथ ही सभी आंगुतकों का आभार जताया।



## शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का निधन

**टीबीसी न्यूज।** द्वारका एवं शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का रविवार को निधन हो गया। वे 99 साल के थे और उन्होंने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में आखिरी सांस ली।



स्वरूपानंद सरस्वती को हिंदुओं का सबसे बड़ा धर्मगुरु माना जाता था। कुछ दिन पहले ही स्वरूपानंद सरस्वती ने अपना 99वां जन्मदिवस मनाया था, जिसमें एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान समेत कई बड़े नेताओं ने उनसे मुलाकात की थी। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का गंगा आश्रम नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर में हैं। उन्होंने रविवार को यहां दोपहर 3.30 बजे ली अंतिम सांस ली. स्वरूपानंद सरस्वती का जन्म एमपी के सिवनी में 2 सितंबर 1924 को हुआ था। वे 1982 में गुजरात में द्वारका शारदा पीठ और बद्रीनाथ में ज्योतिर मठ के शंकराचार्य बने थे।

BUREAU OFFICE
PRATEEK BHARGAVA
Bureau Cheif
12/516, Friends Co-operative Society Vasundhara, Ghaziabad (UP)
Mobile + 91 8130640011
Email : prateekb@tbcgzb.com
www.tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# बीएलओ-ई पत्रिका के प्रथम संस्करण का विमोचन



**गाजियाबाद न्यूज।** इंडिया हैबीटेट सेन्टर, नई दिल्ली में बीएलओ-ई पत्रिका के प्रथम संस्करण का विमोचन किया गया। इस मौके पर महत्वपूर्ण सेशन आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ₹नो वोटर लेफ्ट विहाइन्ड₹ था। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला भी उपस्थित रहे। साथ ही उत्तर प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द उपाध्याय और गाजियाबाद से 10 बीएलओ ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी सहित लखनऊ के 10 बीएलओ ने भी वर्चुअली इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में देश के अन्य राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों एवं बीएलओ द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ-ई पत्रिका के विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सेशन को यू-ट्यूब पर उपलब्ध लिंक youtu.be/vN12qtQD5VA पर भी देखा। इस पत्रिका का मुख्य उद्देश्य बीएलओ से सुझाव लेना तथा अधिक से अधिक मतदाताओं द्वारा चुनाव में प्रतिभाग करने एवं मतदाताओं को और अधिक सुविधा प्रदान करने के संबंध में भी जागरूक करना होगा। इस पत्रिका के माध्यम से मतदाताओं को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया जायेगा। साथ ही बीएलओ के सुझाव भी लिये जाएंगे। मतदान की सुचिता, निष्पक्षता को बनाए रखने में भी इस पत्रिका का योगदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर यह पत्रिका मासिक रूप से उपलब्ध होगी।

# जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए निगम में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नगर निगम में नगर आयुक्त के निर्देशानुसार संभव जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन अपनी सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों में लोगों की समस्याएं काफी हद तक हल हो रही हैं। पूर्व में जिस समस्या के निस्तारण के लिए उन्हें महीनों इंतजार करना पड़ता था। अब उसी समस्या का निस्तारण सप्ताह भीतर में हो रहा है। संभव जनसुनवाई में शहर वासियों की तरफ से 28 संदर्भ प्रस्तुत हुए। संभव जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव ने की। संभव के अंतर्गत 28 संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें से 14 शिकायत तथा 14 मांग प्राप्त हुई। शहर वासियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अधिकतम शिकायतें जलकल विभाग तथा निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुई, संभव मे उद्यान विभाग से उद्यान प्रभारी डॉ अनुज कुमार सिंह, महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी, संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ, निर्माण विभाग से एनके चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण, प्रकाश विभाग से योगेंद्र व अन्य संबंधित उपस्थित रहे। जिनके द्वारा तत्काल प्रभाव से प्राप्त संदर्भ पर कार्यवाही की। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर के नेतृत्व में शहर की समस्या का निस्तारण जड़ से खत्म करने का काम किया जा रहा है। समस्या निस्तारण होने के बाद उसका भौतिक निरीक्षण करने के साथ पीड़ितों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। हर घर में पानी की व्यवस्था, सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शहर तथा अन्य निगम के कार्यों पर विशेष ध्यान रखते हुए शहर हित में बेहतर कार्य हो रहा है।

# छुट्टी के दिन भी अवैध निर्माण पर नजर रखेंगे अधिकारी

**गाजियाबाद न्यूज।** जीडीए स्वीकृत नक्शे के विपरीत अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। इसे लेकर प्रवर्तन टीम को छुट्टी वाले दिन भी अपने क्षेत्र पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों से जवाब तलब भी किया जाएगा।

जीडीए में लगातार शिकायत आ रही है कि प्राधिकरण की छुट्टी वाले दिन लोग स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण कर लेते हैं। लोगों को पता रहता है कि अवकाश के कारण प्राधिकरण का कोई कर्मचारी रोकने नहीं आएगा।

कर्मचारी बाद में आएगा तो उससे साठगांठ कर लेंगे। इसी तरह का मामला इंदिरापुरम में भी आया। यहां बिल्डर ने शनिवार देर रात स्वीकृत नक्शे के विपरीत एक अतिरिक्त फ्लोर पर लेंटर डाल दिया। इसकी शिकायत मिलने के बाद जीडीए सचिव ने तुरंत प्रवर्तन टीम को भेजकर उसे ध्वस्त करवाया। अब प्रवर्तन के नोडल अधिकारी जीडीए सचिव ने सभी प्रवर्तन प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपनी टीम के साथ अवकाश वाले दिन भी क्षेत्र पर नजर रखेंगे। अगर कोई अवैध निर्माण करता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। बता दें कि शासन के निर्देश के बाद जीडीए अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार ठोस कार्रवाई कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि सभी जोन में यह खेल चलता है।

अवैध निर्माण करने वाले प्राधिकरण की छुट्टी वाले दिन निर्माण कर लेते हैं। फिर इस निर्माण के होने के बाद या तो इसे सील कर दिया जाता है, जिसे कुछ दिन बाद खोल भी दिया जाता है। या कर्मचारी सेटिंग करने के बाद इसे पूरा करवा देते हैं। इस तरह की शिकायत जीडीए के आला अधिकारियों को लगातार मिलती रहती है। कई बार सेटिंग करने के वीडियो भी वायरल हो चुके हैं।

# पंजीकरण में गलत जानकारी भरने वाले छात्र दाखिला नहीं मिलने से परेशान




## बीए में सबसे ज्यादा दाखिले एमएमएच में

सोमवार को राजकीय कॉलेजों में बड़ी संख्या में छात्र दाखिला लेने पहुंचे। ओपन मेरिट में दाखिलों के लिए शनिवार को पहला दिन था, लेकिन बैंक बंद होने के कारण शनिवार को दाखिलों की संख्या कम रही। सोमवार को बीए के सबसे ज्यादा 70 दाखिले एमएमएच में हुए। इसके बाद वीएमएलजी में 63 तथा एलआर और एसडी में बीए के 60-60 दाखिले हुए हैं। वहीं, एमएमएच में बीकॉम के 46, बीएससी मैथ के 45 और बायो के 26 दाखिले हुए। इसके अलावा वीएमएलजी में बीकॉम के 63, एसडी में 40 और एलआर में बीकॉम के 23 एवं बीएससी मैथ के 18 छात्रों ने दाखिला लिया।

**गाजियाबाद।** पंजीकरण फॉर्म में गलत जानकारी भरने से छात्र परेशान हैं और उन्हें दाखिला नहीं मिल पा रहा है। दाखिला नहीं होने से छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी परेशान हैं। जिले के कॉलेजों में ओपन मेरिट के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया जारी है। दाखिले के दौरान ऐसे कई छात्रों के मामले सामने आ रहे हैं जिन्होंने पंजीकरण करते वक्त अधूरी या फिर गलत जानकारी भरी थी। जब यह छात्र दाखिला लेने कॉलेज पहुंचे तो इनके दस्तावेज ऑनलाइन भरे गए फॉर्म से मैच नहीं हो रहे हैं। जिसकी वजह से उनके दाखिले में परेशानी हो रही है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने कैफे से फॉर्म भरवाया था, लेकिन फॉर्म भरने के बाद भरी गई जानकारी की सही से जांच नहीं करने का खामियाजा उन्हें दाखिले के वक्त भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में छात्रों को निराश होकर बिना दाखिला लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है। दाखिला नहीं होने से छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावक और शिक्षक भी परेशान हैं। बता दें कि ओपन मेरिट में दाखिला लेने का आज अंतिम दिन है। वीएमएलजी कॉलेज की शिक्षिका डॉ रचना प्रसाद का कहना है कि ओपन मेरिट दाखिलों के बाद विवि की ओर से खाली सीटों को भरने के लिए दोबारा से रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे। उस दौरान छात्रों को अपने फॉर्म में करेक्शन करना होगा। इसके बाद ही इन छात्रों को दाखिला मिल पाएगा।

# मेवाड़ में ‘सोलहवें प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह का आयोजन



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सोलहवें प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह ‘प्रतिभा-2022 में हुई समूह नृत्य प्रतियोगिता का खिताब सीएसएचपी स्कूल के भूमि एंड ग्रुप ने जीत लिया। समूह गायन प्रतियोगिता में इसी स्कूल के ही शिवानी एंड ग्रुप ने बेहतरीन प्रदर्शन कर ट्रॉफी हासिल की। जबकि एकल नृत्य प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल की छात्रा आंचल और एकल गायन प्रतियोगिता में इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल की छात्रा कीर्ति वर्मा अव्वल रहीं। सभी विजेताओं को इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया और निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में सुशीला गर्ल्स इंटर कॉलेज की निकिता यादव दूसरे और कैलाशवती इंटर कॉलेज की कशिश तीसरे स्थान पर रहीं। कैलाशवती इंटर कॉलेज की ही तान्या को चेयरमैन अवार्ड दिया गया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के आंचल एंड ग्रुप को दूसरा और इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल के प्रियांशी एंड ग्रुप को तीसरा पुरस्कार मिला। संस्कार पब्लिक स्कूल के शिव-पार्वती एंड ग्रुप, कैलाशवती इंटर कॉलेज के तनु एंड ग्रुप और इसी कॉलेज के गुरप्रीत एंड ग्रुप को चेयरमैन अवार्ड प्रदान किया गया। समूह गायन प्रतियोगिता में सुशीला इंटर कॉलेज के खुशी एंड ग्रुप दूसरे तो भगीरथ पब्लिक स्कूल के प्रज्ञा एंड ग्रुप तीसरे स्थान पर रहे। कैलाशवती इंटर कॉलेज के पंकज एंड ग्रुप को चेयरमैन अवार्ड दिया गया। एकल गायन प्रतियोगिता में सुशीला इंटर कॉलेज की छात्रा ज्योति दूसरे तो सीएसएचपी पब्लिक स्कूल की शिवानी यादव तीसरे पुरस्कार की हकदार बनीं। जबकि स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के विनय शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करने पर चेयरमैन अवार्ड प्रदान किया गया।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल के स्थापना दिवस समारोह में कवियों ने बांधा समां



**गाजियाबाद।** राजनगर में सोमवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल का स्थापना दिवस समारोह बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉक्टर ईरज राजा (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक देहात, अतिविशिष्ट अतिथि शेखर वर्मा एडिशनल डायरेक्टर जीएसटी इंटेलिजेंस, विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, (जीडीए) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष केके शर्मा ने की।

# बाल संरक्षण मुद्दों पर जिला स्तरीय कंसलटेंट कार्यक्रम बाल संरक्षण के लिए सेवा भाव से जुड़ने की आवश्यकताः सीडीओ

**गाजियाबाद न्यूज।** आरडीसी स्थित होटल कृष्णा सागर में बाल संरक्षण मुद्दों पर जिला स्तरीय कंसलटेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिकने बाल संरक्षण से संबंधित सभी स्टेक होल्डर्स से संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी बाल अधिकारों का सम्मेलन 1989 के मूल प्रावधानों को समझने पर जोर दिया। उन्होंने अवगत कराया गया कि भारत में किशोर न्याय अधिनियम के मूल प्रावधान संयुक्त राष्ट्र के बाल अधिकार सम्मेलन पर ही आधारित है।




उन्होंने जोर दिया की बाल अधिकार संरक्षण केवल किसी एक विभाग का कार्य नहीं है बल्कि या पुलिस, रेलवे, बाल संरक्षण इकाई, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग सहित सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संरक्षित करना सिर्फ पुनर्वासन करना या फिर फैमिली को देना नहीं है बल्कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चों का मानसिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक विकास भी सही तरीके से हो। मुख्य विकास अधिकारी ने आह्वान किया की बाल संरक्षण के लिए सेवा भाव से जुड़ने की आवश्यकता है। कार्यशाला में शशांक शेखर एडवोकेट सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा किशोर न्याय अधिनियम-2015 में हुए नवीन संशोधनों पर जानकारी दी गई तथा संजय तिवारी द्वारा गाजियाबाद में रेलवे स्टेशन पर रेलवे चिल्ड्रन इंडिया द्वारा चलाए जा रहे आउटरीच प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद विकास चन्द्र, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भद्रदास नैयर, रेलवे चिल्ड्रन इंडिया के सीईओ नवीन सेल्ला राजू, अफसर अली, संजय तिवारी, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम विभाग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, चाइल्ड लाइन, जीआरपी आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट बनाकर पर्यटन स्थल के रुप में करें विकसितः सीडीओ

गाजियाबाद। हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने एवं उसको पुरातन पहचान दिए जाने के संबंध में डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन स्थित कार्यकक्ष में संबंधित विभागों की बैठक हुई। सीडीओ ने कहा कि पर्यावरण एवं नदियों को प्रदूषण मुक्त किए जाने एवं उसको पुरातन पहचान दिलाना हम सबका नैतिक कर्तव्य एवं जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हिंडन नदी में गिरने वाले औद्योगिक कचरे से फैक्ट्रियों के दूषित केमिकलयुक्त पानी को रोकने के लिए उद्योगों की मैपिंग करते हुए जीरो डिस्चार्ज की दिशा में प्रयास किए जाएं। इसमें गिरने वाले नगरीय सीवरेज एवं ठोस अपशिष्ट की रोकथाम के लिए समेकित प्रयासों की आवश्यकता है। बैठक में सीडीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट विकसित करते हुए हरनंदी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए अपने संबंधित विभाग से 2 दिन के अंदर अपनी विभागीय कार्य योजना प्रस्तुत करें। मेरठ की ओर से जनपद में प्रवेश कर रही हिंडन नदी का सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण कराए जाने के लिए जीडीए, आवास विकास, नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं हिंडन नदी जिन-जिन ग्रामों से होकर गुजर रही है, उसके संबंधित लेखपाल एवं ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए गए कि अभिलेखों में दर्ज नदी, चारागाह की भूमि पर यदि वर्तमान में नदी नहीं बह रही है और उस पर यदि अवैध अतिक्रमण है, उसको तत्काल हटवा कर ग्राम सभा की ओर से वृक्षारोपण के संबंध में अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि हिंडन एवं उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त एवं अविरल बनाए जाने के लिए प्लास्टिक थैलियों के साथ-साथ अन्य प्रकार की वस्तुएं एवं सामग्रियों को नदियों में न बहाने, किसी भी प्रकार का कचरा नदियों में न डाले जाने साथ ही कचरा डालने वाले स्थान पर ही कचरा डाले जाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# शहर में कुत्तों की खतरनाक नस्लें लोगों के लिए बन रही जानलेवा

गाजियाबाद न्यूज। शहर में डॉग क आंतक से लोग परेशान हैं। कई पशु प्रेमी बेहद खतरनाक नस्ल के पौधे पालने में दिलचस्पी रखते हैं। लोग खतरनाक मानी जाने वाली रॉटविलर, साइबेरियन हस्की, जर्मन शेफर्ड जैसी नस्लों के कुत्तों को पालना पसंद कर रहे हैं। इसका पता नगर निगम में कराए गए कुत्तों के पंजीकरण से चला है। शहर में कुल 20 हजार से ज्यादा कुत्ते हैं। इनमें से अब तक कुल 2600 का पंजीकरण हुआ है। इनमें 1456 (56 फीसदी) खतरनाक नस्ल के हैं। शहर में कुल 70 नस्लों के कुत्ते पाले जा रहे हैं जिस पिटबुल नस्ल के कु त्ते ने संजय नगर में पार्क में दस साल के कुश त्यागी पर हमला किया, उसके सिर्फ 22 कुत्तों का ही पंजीकरण कराया गया है। इस हमले के बाद ही निगम ने सख्ती दिखाई जिस पर सात दिन में 600 कुत्तों का पंजीकरण हुआ है। पंजीकृत कुत्तों में पिटबुल, रॉट विलर, बॉक्सर, जर्मन शेफर्ड, ग्रेटडेन, बुल मेस्टिफ जैसी विदेशी और गुस्सैल नस्ल के शामिल हैं। हालांकि, पहले नंबर पर शांत मानी जाने वाली नस्ल लेब्राडोर है जिसके 793 कुत्ते पंजीकृत हैं। इसी तरह की अन्य नस्ल पॉमेरियन, पग, पूडल, ल्हासा के कुत्ते कम संख्या में हैं। पंजीकृत कुत्तों में बुल टेरियर नस्ल के 13, बुलडॉग के नौ, बुल मेस्टिफ के 10, डॉलमिशन के 13, ग्रेटडेन के 10, मेस्टिफ के 10, सेंट बर्नाड 16, तिब्बतियन मेस्टिफ का एक और स्टेफोर्डशेर बुल टेरियर के आठ हैं। उधर, नगर निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज सिंह का कहना है कि शहर में आक्रामक प्रजाति के कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे कुत्तों को प्रशिक्षण दिलाया जाना जरूरी है, ताकि इनको नियंत्रण में रखा जा सके।



# संयुक्त और एमएमजी अस्पताल में डेंगू की जांच बंद होने से मरीज परेशान

गाजियाबाद। शहर के दोनों अस्पतालों में मरीजों को डेंगू जांच में मदद नहीं मिल रही है। आलम यह है कि जांच के बाद बीमारी का इलाज न होने पर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एमएमजी स्थित आईडीएसपी लैब की छत टूटने की वजह से डेंगू की जांच बंद है तो वहीं संयुक्त अस्पताल में केमिकल ना होने की वजह से टाइफाइड की जांच बंद है। डेंगू केजहां रोजाना चार से पांच नए मरीज आ रहे हैं। वहीं, टाइफाइड केभी रोजाना आठ से 10 मरीज आ रहे हैं।

संक्रामक रोग विभाग की आईडीएसपी लैब की छत का हिस्सा एक हफ्ते के अंदर दो बार टूटकर गिरने के बाद से स्टाफ दहशत में है। एक हफ्ते बाद अब लैब को दूसरे भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। पिछले दो दिनों से डेंगू की जांच प्रभावित थी और अगले दो दिन और काम प्रभावित रहेगा। लैब में दो कमरे बने हैं जिसमें से मुख्य स्थान पर पैथोलॉजिस्ट बैठती हैं और वहीं डेंगू-चिकनगुनिया सहित पानी के सैंपल की जांच की जाती है। दूसरे कमरे में अन्य स्टाफ बैठता है। 10 दिन पहले लैब के एक कमरे की छत से लिंटर और सरिया टूटकर गिरा था और शनिवार को जिस कमरे में जांच होती है वहां की छत का हिस्सा टूटकर गिर गया। है। गंभीर मरीजों की जांच रैपिड किट से की जा रही है। लैब में रैपिट किट का स्टाक भी लगभग समाप्त है। वहीं, संयुक्त जिला अस्पताल स्थित लैब में पिछले 15 दिनों से टायफॉयड की जांच बंद है। कर्मचारियों का कहना है कि केमिकल नहीं आ रहे हैं जिसकी वजह से जांच नहीं हो पा रही है। मरीजों को या तो निजी लैब में जांच करानी पड़ रही है या लक्षणों के आधार पर मरीजों का इलाज चल रहा है। यह लैब भी पीपीपी मॉडल पर संचालित किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों तक लैब में रिजेंट ना होने की वजह से लिपिड प्रोफाइल, शुगर की जांच भी नहीं हो पा रही थी। सीएमएस डॉ. विनोद पांडेय ने बताया कि केमिकल की डिमांड भेजी गई है जल्द आने की संभावना है।

### पिछले 10 दिनों से इंक्यूबेटर खराब

इसी लैब में पानी के सैंपल की जांच की जांच भी की जाती है लेकिन पानी के सैंपल को स्टोर करके रखने वाला इंक्यूबेटर पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा है। इंक्यूबेटर का दरवाजा पूरी तरह टूटकर निकल गया है। इसमें पानी के सैंपल को 35-37 डिग्री तापमान में रखा जाता है जिससे कि सैंपल खराब ना हों। उधर, सीएमओ- डॉ. भवतोष शंखधर का कहना है कि पुराना भवन होने के कारण लगातार छत से टूटकर ईंटे गिरने की समस्या आ रही है। उसको दूसरे भवन में शिफ्ट करके मरम्मत कराया जा रहा है।

### निजी लैब में जांच की कीमत

निजी लैब में एलाइजा डेंगू की जांच कम से कम 1800 से लेकर अधिकतम 3000 हजार तक में होती है। जांच के मूल्य अस्पताल और लैब पर निर्भर करता है। यही जांच सरकारी में मुफ्त में की जाती है। वहीं टाइफाइड की जांच अगर केमिकल से हो तो 250 रुपये और कार्ड से किया जाए तो लगभग 800 रुपये में होती है।

# आईटीएस में पीजीडीएम के 24वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन

**गाजियाबाद** । मोहन नगर स्थित आईटीएस स्कूल ऑफ मेनेजमेंट में पीजीडीएम सत्र (2020-22) के प्रतिभागियों के लिए रविवार को वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृषण गुप्ता, फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर, आर्गेनिक वैलनेस प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, गेस्ट ऑफ ऑनर प्रद्युम्न पांडेय, सीएचआरओ, मदर डेयरी एवं नीरज मेहरा, वाईस प्रेजिडेंट -ह्यूमन रिसोर्स इन्फोगेन, आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा, निदेशिका प्रो. (डॉ.) तिमिरा शुक्ला एवं चेयर पर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा की सहमति प्राप्त कर दीक्षांत समारोह का शुभारंभ विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ।



निदेशिका प्रो. (डॉ.) तिमिरा शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्थान सम्बंधित रिपोर्ट प्रस्तुत किया। सभी उत्तीर्ण प्रतिभागियों द्वारा पारम्परिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पश्चात गेस्ट ऑफ ऑनर नीरज मेहरा ने अपने सम्बोधन में कैंपस टु कॉर्पोरेट विषय पर चर्चा की एवं प्रतिभागियों से समय बद्धता, सम्पूर्ण अनुशासन एवं चुनौतियों को स्वीकार कर सफलता पूर्वक आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। दूसरे गेस्ट ऑफ ऑनर प्रदुम्न पाण्डे ने प्रतिभागियों से मूल्य आधारित कार्य कलाप, सृजनशीलता, एलुमनाई के रूप में संस्थान के प्रति योगदान, सही वातावरण तैयार करने तथा पॉजिटिव ऐटिच्यूड के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी।

*Editorial*

## Well won: On Sri Lanka's Asia Cup victory

Originally pencilled in as the host, it was fitting that Sri Lanka won the Asia Cup even if the championship was held in the United Arab Emirates (UAE). The debilitating economic crisis in the island-nation meant that Sri Lanka had to shift the continental tournament's base to the UAE but even in the desert sands, Dasun Shanaka's men felt at home. And during Sunday's final at the Dubai International Cricket Stadium, Sri Lanka defied the odds to defeat Pakistan by 23 runs. In a tournament where teams chasing have often prevailed, Sri Lanka was struggling at 58 for five before a rear-guard action from Bhanuka Rajapaksa and Wanindu Hasaranga meant that the eventual champion posted 170 for six in 20 overs. It was not a steep target but summit clashes unleash excess pressure and Pakistan failed to get past the wily Sri Lankans. Seamer Pramod Madushan's four wickets and spinner Hasaranga's all-round turn with three scalps, meant that Pakistan wound up at 147. It may have been despair for Babar Azam's men but there is no mistaking the overall joy that both the finalists gifted to their respective fans. If Sri Lanka is yet to get over its financial issues back home, Pakistan is struggling with severe floods that have affected lives and struck at its economy. Surely, cricket offered some cheer. If Sri Lanka lost its first game against Afghanistan and yet lasted the distance and won the title, the reverse happened for India. In the preliminary rounds Rohit Sharma's men dominated; however, in the super-four stage, India succumbed to both Pakistan and Sri Lanka and even if Afghanistan was quelled, the exit door remained open. Having won the Asia Cup on seven occasions, the latest edition offered a sobering note to India. The top order troika of Rohit, K.L. Rahul and Virat Kohli need to fire in unison.

(Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

# India Pick Squad; Rohit Sharma Is Captain, Jasprit Bumrah And Harshal Patel Return




The BCCI on Monday named a 15-man squad to be led by Rohit Sharma for the upcoming ICC Men's T20 World Cup 2022 to be held in Australia in October-November. KL Rahul will continue to be the vice-captain in a star-studded squad that has seen the return of fit-again pace bowling duo of Jasprit Bumrah and Harshal Patel.

The selection is on expected line with Rohit, Virat Kohli, Rahul, Suryakumar Yadav, Deepak Hooda named named as specialist batters. Hardik Pandya and Axar Patel are the two allrounders in the squad.

Rishabh Pant and veteran Dinesh Karthik have been named as the two wicketkeepers. In a good news for the Indian team though Bumrah and Harshal have regained full fitness and will form the core of their pace attack that also comprises Bhuvneshwar Kumar. Left-arm fast bowler Arshdeep Singh has been rewarded for his impressive start to international career and will provide a different dimension to the team's pace attack.Spin department will be manned by veteran Ravichandran Ashwin, Yuzvendra Chahal with assistance from Axar and part-timer Hooda.

Avesh Khan is the lone member of the Asia Cup squad who seems to have been snubbed while Ravindra Jadeja is out with injury. Deepak Chahar and young spinner Ravi Bishnoi have been named in the standby list alongside Mohammed Shami and Shreyas Iyer.India squad for ICC T20 World Cup: Rohit Sharma (captain), KL Rahul (vice-captain), Virat Kohli, Suryakumar Yadav, Deepak Hooda, Rishabh Pant (wicket-keeper), Dinesh Karthik (wicket-keeper), Hardik Pandya, Ravichandran Ashwin, Yuzvendra Chahal, Axar Patel, Jasprit Bumrah, Bhuvneshwar Kumar, Harshal Patel, Arshdeep Singh.Standby players - Mohd. Shami, Shreyas Iyer, Ravi Bishnoi, Deepak Chahar. The T20 World Cup will get underway from October 16 with the final slated for November 13. India have been pooled in Group 2 alongside Pakistan, South Africa, Bangladesh and two qualifiers.

India open their campaign on October 23 at the Melbourne Cricket Ground against Pakistan. Last year, India exited from the group stage itself after losing their opening two matches to Pakistan and New Zealand.

# We can always crib about selection': Sunil Gavaskar's no-nonsense judgement on India's T20 World Cup squad



Fit-again pace spearhead Jasprit Bumrah and death overs specialist Harshal were back as the national selection committee named a 15-member India squad for next month's T20 World Cup on Monday. Injuries had ruled both players out of the squad for the just-concluded Asia Cup T20 tournament, which saw India's exit during the 'Super 4' phase. Experienced Mohammed Shami also returned to the set-up, though as a standby, while Avesh Khan found no place in the bowling mix. India also made a change in their spin attack with Ravi Bishnoi getting pipped by senior off-spinner Ravichandran Ashwin. Yuzvendra Chahal covers the base alongside Ashwin and Axar Patel, who comes in replacement of injured Ravindra Jadeja.

Bishnoi, who has maximised his limited chances at the highest level, remains on the standby list but legendary Sunil Gavaskar feels the youngster has got age on his side. He advised the leggie to turn himself into an ₹undroppable₹ player for the Indian team management. Bishnoi began his Indian Premier League (IPL) spell with Punjab Kings, with spin great Anil Kumble as the head coach. His consistent performances earned him a spot in the new franchise – Lucknow Super Giants. For India, the 22-year-old has picked up 16 wickets in 10 T20 Internationals so far.Well, he has got age on his side. There is another T20 World Cup in a couple of year's time. There are so many T20 World Cups that he can play in the future. He should now perform in such a way that he becomes undroppable. So that's the only way to look at it. He is a young man, it's good experience for him to know he can't get into every team,₹ Gavaskar said while speaking to India Today.Gavaskar also said that the side looks stronger after the return of Bumrah and Harshal. Bumrah missed the Asia Cup with a back injury that has kept him out of action since mid-July, while Harshal was ruled out with a rib injury.

India have retained both Bhuvneshwar Kumar and Arshdeep Singh, who competed in the Asia Cup. Deepak Chahar is among the standbys. This looks a very good team. With Jasprit Bumrah and Harshal Patel coming in, it looks like India will be able to defend their totals. India have had problems in trying to defend totals. These two stalwarts coming in will certainly give the edge to India when defending totals.Deepak Chahar is one name that stands out, but they have also retained Arshdeep Singh, who gives a left-arm option in the attack.

# Tweet from Shane Warne's official handle on his 53rd birthday enthrals the internet



Shane Warne's family posted a tribute on Twitter for the late cricketer on what would have been his 53rd-birthday. The legendary leg spinner died at the age of 52 in March this year in the island of Koh Samui, Thailand, of a suspected heart attack. A legacy gives you a perspective on what's important. It is about the richness of an individual's life, including what they accomplished and the impact they had on people and places. Shane's Legacy will live on. Happy birthday - always in our hearts. A legacy gives you a perspective on what's important.

It is about the richness of an individual's life, including what they accomplished and the impact they had on people and places. The post was well-received by fans, who paid their own heartfelt tributes. One fan wrote, ₹My heart skipped a beat thinking it was him. I can never forget his voice, his leg spin, his eyes, his tongue, his aura, his dominance. Love you Warnie forever.Very rarely do you meet a genuine superstar who is both humble and makes you feel your job is level to his. Wether it be me as I was a barman or they guy that cleans the toilet. Everyone was equal. Happy birthday Shane. May you shine brightly forever, another fan commented.

Can't think of anyone else who had a major impact on me while growing up. Still at times I think he is still around. Shane's personality was something beyond words, said another fan. Considered to be one of the greatest cricketers in history, Wanre made 145 Test appearances for Australia, taking 708 wickets, making him the second highest wicket-taker in that format. He is also only the second bowler after Sri Lanka's Muttiah Muralitharan to register 1000 wickets in ODIs and Tests. In ODI cricket, he bagged 293 dismissals in 194 games.

# ट्रांजिट ओरिएंटेड डवलपमेंट नीति को मंजूरी

## रेजिडेंसियल और कॉमर्शियल एरिया को मिलेगा बढ़ावा



**गाजियाबाद न्यूज।** दिल्ली से मेरठ की दूरी कम करने वाली रैपिड रेल के कारण वेस्ट यूपी के रियल स्टेट में भी बूम आएगा। यहां जमीनों के दाम बढ़ने के साथ उनका लैंड यूज भी बदलेगा। यूपी सरकार ने रैपिड रेल कॉरिडोर के पास डेढ़ किमी के दायरे को ट्रांजिट ओरिएंटेड डवलपमेंट नीति के तहत विकसित करने की मंजूरी दे दी है। गाजियाबाद, मोदीनगर, साहिबाबाद, मेरठ, गुलधर, दुहाई का इलाका विशेष तौर पर इस नीति के अंतर्गत आएगा। ट्रांजिट ओरिएंटेड डवलपमेंट नीति केंद्र सरकार की ओर से राज्यों के लिए 2017 में ब्लूप्रिंट के रूप में पेश की गई। यह दरअसल मेट्रो, बीआरटीएस और RRTS जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के आसपास के लिए है।

नीति में पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के आसपास बनाए गए ₹स्थायी शहरी विकास केंद्रों₹ ( सस्टेनेबल सिटी डेवलपमेंट सेंटर्स ) के विकास की बात करती है। नीति के अनुसार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के आसपास चलने योग्य (वाकेबल) दूरी के भीतर सभी रेजिडेंशियल और कमर्शियल सुविधाएं देना है। ताकि लोगों को निजी वाहनों में लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता न हो।

यूपी सरकार ने हाल ही में आगामी दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 1.5 किमी के दायरे में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी), नीति को मंजूरी दी है। मुरादनगर, मोदीनगर, गुलधर और दुहाई में आरआरटीएस कॉरिडोर में और उसके आसपास भूमि उपयोग ( लैंड यूज ) मुख्य रूप से कृषि है। टीओडी नीति के तहत इसे रेजिडेंशियल, कमर्शियल और मिश्रित उपयोग में बदला जाएगा। स्टेशनों के दोनों तरफ के इलाकों का महत्व बढ़ जाएगा। ट्रांजिट ओरिएंटेड डवलपमेंट नीति का प्रभाव क्षेत्र गाजियाबाद से मोदीनगर तक होगा। गाजियाबाद के ट्रांस-हिंडन तक का इलाका पहले ही गगनचुंबी इमारतों से घिरा है। यहां TOD नीति टीओडी ₹प्रभाव क्षेत्र₹ कहलाएगी, जहां होरिजोंटल डेवलपमेंट बढ़ेगा।बेस एफएआर, जो कि किसी विशेष प्लॉट पर अनुमत कुल बिल्ट-अप एरिया है, को TOD जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बढ़ाया जाएगा, बेस एफएआर वर्तमान में 1.5 है।

## भारत के दूसरे राष्ट्रपति रहे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद

गाजियाबाद न्यूज। मुरादनगर के मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेन्टिस्ट्री विभाग द्वारा 5 से 12 सितंबर तक शिक्षक दिवस, शिक्षक सप्ताह के रूप में बहुत धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में भारत के दूसरे राष्ट्रपति रहे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। वह एक शिक्षक और एक दार्शनिक भी थे।सप्ताह समारोह के दौरान गाजियाबाद और उसके आसपास के 40 से अधिक स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों के लिए दंत चिकित्सा शिविर लगाये गये। जिसमे उनकी मौखिक जांच और उपचार किया गया। इसके साथ ही शिक्षकों को मौखिक स्वच्छता और रखरखाव के महत्व के लिए एक स्वास्थ्य वार्ता भी शिक्षकों को दी गई। इसके साथ ही संस्थान में डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें खेल से जुड़े शिक्षकों और छात्रों के लिए डेंटल चेकअप और उनका उपचार किया गया। खेल से जुड़े शिक्षकों को खेल की चोट के लिए जागरूकता, निवारक उपायों और चोट के बाद क्षेत्र में संभावित प्राथमिक उपचार के बारे में खेल शिक्षकों के लिए भी अहम चर्चा का आयोजन किया गया।

## डेल्टा कालोनी में पेयजल समस्या, घरों में गंदे पानी की सप्लाई

**गाजियाबाद न्यूज।** डेल्टा कॉलोनी में पिछले छह साल से पेयजल पानी की समस्या बनी हुई है। पेयजल पाइपलाइन में लीकेज और जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने से लोगों के घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। ऐसे में पिछले तीन साल से स्थानीय निवासियों द्वारा रोजाना सुबह पानी का टीडीएस और पीएच जांच कर सोशल मीडिया ग्रुप में सांझा किया जा रहा है। जिसका रोजाना पीएच और टीडीएस ज्यादा होने की वजह से लोग बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। वहीं, इस समस्या से निजात दिलाने के लिए महापौर, जलकल विभाग के जीएम को पत्र लिखा गया है।

स्थानीय निवासी हेमंत भारद्वाज ने बताया कि डेल्टा कॉलोनी की आबादी करीब 15 हजार है। वर्ष 2017 में गंगाजल की आपूर्ति शुरू की गई। मगर पेयजल पाइपलाइन केवल ओवरहेड टैंक तक लगाया गया। पुराने पेयजल पाइपलाइन से लोगों ने घरों तक पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही सीवर का भी पाइपलाइन है। सीवर और पेयजल पाइपलाइन पुराना होने की वजह से जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने की वजह से लोगों ने घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। ऐसे में लोग आपूर्ति हो रहे गंगाजल को पीने के लिए नहीं उपयोग कर रहे है।

मनोज गौड नेने बताया कि पिछले तीन साल से रोजाना आपूर्ति होने वाले गंगाजल का टीडीएस और पीएच जांचा जा रहा है। जिसमें टीडीएस 500 के पास या करीब आ रहा है। जबकी पीएच 10 के करीब आता है। ऐसे में डेल्टा कॉलोनी के लिए बनाया गया सोशल मीडिया ग्रुप में सांझा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पार्क के पास के घरों में 800 से 900 का टीडीएस का पानी आता है। इससे लोगों को बीमारी का खतरा सता रहा है। ऐसे में लोग बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। इससे लोगों के जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

## 12 राज्यों में 50306 गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ा रही संस्था, अनिरूद्ध खेतान बने खुशी संस्था के अध्यक्ष

**गाजियाबाद न्यूज।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव की संस्था 'खुशी' के अध्यक्ष अनिरुद्ध खेतान चुने गए हैं। अनिरुद्ध खेतान गाजियाबाद में कई शिक्षण संस्थाओं से जुड़े हैं। वे इससे पहले इसी संस्था में कोषाध्यक्ष थे और तीन साल सेवा देने के बाद सर्वसम्मति से बोर्ड व टीम ने उन्हें अध्यक्ष के रूप में चुन लिया। महान भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने साल-2003 में खुशी संस्था की स्थापना की। यह संस्था शिक्षा के माध्यम से बच्चों की जिन्दगी बदलने में विश्वास रखती है।

खुशी बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। इसका सर्वप्रथम प्रोजेक्ट 'द नीमराना प्रोजेक्ट' जन-जन से जुड़ने में सफल रहा। इसके तहत गांव और शहर के 4 लाख 80 हजार लोगों से संपर्क कर उनकी निगरानी और आकलन किया गया। आज खुशी के लगभग 50306 लाभार्थी हैं, जो इसके शिक्षांत्र प्लस प्रोग्राम के माध्यम से भारत के 12 राज्यों के 48 स्कूलों और 12 शिक्षण केंद्रों में मौजूद हैं। बच्चों के सही मानसिक विकास के लिए एक 'मनोशक्ति विंग' और जीवन कौशल के विकास के लिए एक 'शिक्षा और विकास प्रभाग' है जो खुशी के 43 कारपोरेट भागीदारों के समर्थन से कार्यरत हैं।

### 2025 तक ढाई लाख बच्चों को लाभांवित करने का लिया संकल्प

अनिरुद्ध खेतान ने कहा कि जहां तक संभव हो एक-एक बच्चे तक पहुंचना अत्यावश्यक है।मेरा संकल्प है कि वर्ष 2025 के अंत तक खुशी की पहुंच बढ़ाते हुए ढाई लाख बच्चों को इसका लाभ देंगे।मैं हमारे लंबे समय से संरक्षक, कारपोरेट भागीदार, साथी पदाधिकारी और जुनून से काम करने वाली टीम के लगातार सहयोग से यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर उत्साहित हूं।

अनिरुद्ध खेतान शिक्षा केंद्र के उपाध्यक्ष भी हैं। जिसके तहत वर्तमान में गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित खेतान पब्लिक स्कूल का संचालन किया जा रहा है। वे बंगाल एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक भी हैं, जिसके तहत खेतान वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद चलता है। इसके अलावा वे फिक्की अराइज (एलायंस फॉर री-इमेजिनिंग स्कूल एजुकेशन) के सह-अध्यक्ष भी हैं। यह पूरे भारत के स्कूलों का देशव्यापी संगठन है। अनिरुद्ध मानते हैं कि शिक्षा ही विकसित राष्ट्र की नींव है।

## गाजियाबाद में सुखोई के पाट्र्स बनाने की तैयारी, 2 मंत्रालयों ने किया करार



**गाजियाबाद न्यूज।** गाजियाबाद न्यूज। भारत सरकार के टेक्नोलॉजी डवलपमेंट बोर्ड और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने गाजियाबाद प्रिसिजन प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड से सुरक्षा करार किया है। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई (SU-30MK1) के कलपुर्जों का निर्माण अब गाजियाबाद की इस कंपनी में होगा।

ये कंपनी सुखोई (SU-30MK1) के रोटरी पाइप यूनियन और कवर के अलावा 1500 एचपी युद्धक (बैटल) इंजन टैंक के वॉल्व, बीईएमएल इंजन के उपकरणों के वॉल्व आदि बनाएगी। सुखोई के उपकरणों की आपूर्ति हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक लिमिटेड (HAL) और आर्मर्ड फाइटिंग व्हीकल के डीजल इंजन वॉल्व की आपूर्ति भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) को होगी। टैक्नोलॉजी डवलपमेंट बोर्ड ने कुल परियोजना लागत के 14.2 करोड़ में से 5.5 करोड़ रुपए की सहायता को मंजूरी दी है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा, 'भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में मदद करने के उद्देश्य से रक्षा, फार्मा, ऑटोमोबाइल, ड्रोन निर्माण के लिए लगातार करार कर रहा है। यह परियोजना रक्षा क्षेत्र के लिए ऐसी पहल है, जिसमें गाजियाबाद प्रिसिजन प्रोडक्ट कंपनी भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ कहे जाने वाले सुखोई विमान के लिए महत्वपूर्ण कलपुर्जों एवं घटकों का निर्माण करेगी।' भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम की है। स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 'सृजन–SRIJAN' पोर्टल शुरू किया है। अभी तक जो 19509 रक्षा मदें आयात की जा चुकी थीं, उन्हें अब स्वदेशीकरण के लिए इस पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। भारतीय उद्योग ने इनमें से 4006 रक्षा वस्तुओं के स्वदेशीकरण के लिए रुचि दिखाई है। अब विदेशी स्रोतों से रक्षा खरीद पर होने वाला खर्च 46 प्रतिशत से घटकर 36 प्रतिशत रह गया है।

## आबकारी विभाग ने अवैध शराब के ठिकानों पर मारा छापा

**गाजियाबाद।** हिंडन नदी के खादर इलाके में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब बनाने की भट्टियों को ध्वस्त कर डाला। आबकारी की कार्रवाई से शराब माफिया में हड़कंप मचा है। कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने 35 लीटर कच्ची शराब तथा लगभग 2000 किलोग्राम लहन एवं शराब बनाने का उपकरण बरामद किया। लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। आबकारी विभाग का दावा है कि अब अवैध शराब का कारोबार खत्म होगा। किसी भी हालत में शराब का अवैध कारोबार नहीं पनपने दिया जाएगा।

# पैपराजी बोले- 'मलाइका आप पोज नहीं देती हैं' एक्ट्रेस का वीडियो पर आया जवाब





अपने फिटनेस को लेकर इंडस्ट्री में मशहूर मलाइका आए दिन जिम आउटफिट्स में अपनी वॉक के लिए ट्रोल होती रहती हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें एक कुत्ते की वॉक की तुलना मलाइका के पैपराजी को देने वाले रिएक्शन से की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए इस वीडियो पर मलाइका का रिएक्शन भी आया है।

कुत्ते की वॉक की तुलना मलाइका से की गई है

मलाइका अरोड़ा ने पैपराजी के लिए पोज न देने का मजाक उड़ाते हुए एक पोस्ट को लेकर प्रतिक्रिया दी है। द पॉसम लाइफ ऑफ मर्फी के नाम से एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने एक कुत्ते का वीडियो साझा किया है जिसके पीछा एक शख्स कर रहा है। इंस्टाग्राम यूजर ने इस डॉग का पीछा करते हुए कुत्ते की वॉक की तुलना मलाइका से की है। उन्होंने मलाइका की उस बात को लेकर तुलना की है जिसमें वह जिम जाते समय पैपराजी से बचने की कोशिश करती हैं।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए इस वीडियो पर मलाइका का रिएक्शन भी आया है। इस वीडियो के ऑडियो में पैपराजी बना शख्स कुत्ते को देखकर आवाज लगाता है- .रुको, रुको मलाइका।' और फिर एक और आवाज लगाता है और कहता है, 'मलाइका आप पोज नहीं देती हैं।' वीडियो कैप्शन में लिखा है, 'पैप्स फॉलो मलाइका अरोड़ा लाइक', ₹मलाइका जी आप रुकते क्यों नहीं हो (मलाइका जी, रुकती क्यों नहीं)?

कुत्ते को मलाइका कहकर बुलाने और कैमरे के लिए रुकने और पोज देने के लिए कहने वाले इस वीडियो पर मलाइका का रिएक्शन भी आया है। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मलाइका ने लिखा, 'सो क्यूट (हंसते हुए इमोजी) शेयर की हैं। वीडियो पर फैंस ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे मलाइका की ये वॉक क्यों पसंद है? सो क्यूट।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'हे भगवान, मैं अपनी हंसी नहीं रोक सकता।' एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, 'कितना प्यारा।' बता दें मलाइका के कई वीडियो अक्सर ऑनलाइन सामने आते हैं, जहां वह पैपराजी के लिए पोज नहीं देती हैं। पैपराजी की ओर से नियमित रूप से मलाइका की अपने कुत्ते को घर के बाहर टहलते हुए तस्वीरें और वीडियो शेयर की जाती हैं। उन्हें अक्सर मुंबई में योग स्टूडियो, सैलून और रेस्तरां के बाहर भी देखा जाता है।

मलाइका ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में वीजे साइरस ब्रोचा के साथ एमटीवी लवलाइन के साथ टीवी वीजे के रूप में की थी। शाहरुख खान की फिल्म दिल से का उनका गाना छैया छैंया हिट होने के बाद वह फेमस हो गई थीं। बाद में, मलाइका कई और हिट डांसिंग नंबर्स जैसे फिल्म कांटे के माही वे, हाउसफुल 2 की अनारकली डिस्को चली, दबंग 2 की पांडे जी में नजर आईं। इसके अलावा उन्होंने टेलीविजन पर कई टैलेंट और डांस रियलिटी शो जज भी किया है। बता दें मलाइका अब राइटर बनने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। वह जल्द ही अपनी पहली किताब लिखेंगे जो फिटनेस से संबंधित होगी।

# नए तारक मेहता की हुई तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में एंट्री





**नई दिल्ली।** टीवी का पॉपुलर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा कुछ दिनों से अपनी स्टार कास्ट को लेकर काफी सुर्खियों में है। एक के बाद एक करके स्टार्स के शो छोड़ने की खबर आ रही है। कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि शो में तारक मेहता का किरदार निभाने वाले शैलेश लोढ़ा ने शो से अलविदा कह दिया है। शैलेश शो में नजर भी नहीं आ रहे थे। फैंस भी तारक मेहता के शो में नजर नहीं आने से निराश थे और अब मेकर्स ने दर्शकों की निराशा दूर करने के लिए तारक मेहता की एंट्री करवा दी है। हालांकि शैलेश की जगह कोई और एक्टर, बतौर तारक मेहता बनकर आ रहे हैं।दरअसल हाल ही में खबर आई कि शैलेश की जगह शो में अब एक्टर सचिन श्रॉफ, तारक मेहता का किरदार निभाएंगे और इसी बीच मेकर्स ने शो का नया प्रोमो शेयर किया है जिसमे सचिन की झलक दिखाई दे रही है। प्रोमो वीडियो में आप देखेंगे कि तारक की पत्नी अंजलि मेहता को एक आवाज सुनाई देती है जो गणेश आरती गा रहे होते हैं। इसके बाद अंजलि उस आवाज की तरफ जाती है। वहीं बाकी घोकुल धाम वासी भी उसी आवाज को ध्यान से सुनते हैं।

# फर्जी हैं ब्रह्मास्त्र के 70% कमाई के आंकड़े: कंगना





अपनी बेबाकी के लिए इंडस्ट्री में मशहूं एक्टर कंगना रनौत ने एक बार फिर फिल्म ब्रह्मास्त्र को आड़े हाथों लिया है। कंगना रनौत ने ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों को लेकर रिएक्शन दिया है। कंगना ने करण जौहर के ब्रह्मास्त्र की कलेक्शन को लेकर दी गई जानकारी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। करण जौहर ने शनिवार को ब्रह्मास्त्र की वर्ल्डवाइड 75 करोड़ की कमाई करने की जानकारी साझा की थी। इस जानकारी पर कंगन ने रविवार को इंस्टाग्राम पर स्टोरीज को शेयर करते हुए आंकड़ों को फेक करार दिया है। कंगना ने फिल्म निर्माता-लेखक एरे मृदुला कैथर के ब्रह्मास्त्र के 'हेरफेर किए गए आंकड़े' के बारे में ट्वीट साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'कुछ ट्रेड एनालिस्ट #Brahmastra BO के आंकड़े सही नहीं बता रहे हैं क्योंकि वे पूरी तरह से हेराफेरी कर रहे हैं। जो लोग फर्जी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के साथ मजाक कर रहे हैं, उन्हें ऐसा करने के लिए मोटी रकम दी जाती है। यहां तक कि आंकड़ों को लेकर इतना बड़ा हेरभेर भारत का शायद अब तक का सबसे बड़ा हेरफेर कहा जा सकता है, जिसमें 60-70 प्रतिशत से अधिक फर्जी आंकड़े हैं।' अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, कंगना ने चुटकी लेते हुए लिखा, ₹वाह, यह एक नया निम्न स्तर है, 70 प्रतिशत।' Boxofficeindia.com के मुताबिक, ब्रह्मास्त्र ने आपेनिंग डे पर देशभर में 37 करोड़ की कमाई की और दो दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 76 करोड़ की कमाई होने की जानकारी सामने आई है।

ब्रह्मास्त्र की रिलीज के दिन कंगना ने फिल्म से जुड़े तमाम लोगों पर जमकर निशाना साधा. फिल्म की कुछ खराब समीक्षाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने कहा, 'ऐसा तब होता है जब आप झूठ बेचने की कोशिश करते हैं, @karanjohar हर शो में लोगों को @aliabhatt और रणबीर को बेस्ट एक्टर और @ayan_mukerji को एक जीनियस कहने के लिए मजबूर करता है। इस झूठ पर विश्वास करो ... 600 करोड़ के बजट पर बनी इस फिल्म को लेकर निर्देशक को क्या कहें जिसने अपनी जिंदगी में कभी भी एक अच्छी फिल्म नहीं बनाई ... भारत में फॉक्स स्टूडियो को इस फिल्म को फंड देने के लिए खुद को बेचना पड़ा ... इन जोकरों की वजह ये और कितने स्टूडियो बंद हो जाएंगे?

**KRK की गिरफ्तारी के पीछे अयान मुखर्जी**

यही नहीं कंगना ये भी कहा, 'हर उस शख्स को जो @ayan_mukerji को जीनियस कहता है, उसे तुरंत जेल में डाल देना चाहिए.' यही नहीं कंगना ने स्वंय घोषित क्रिटिक केआरके की गिरफ्तारी के पीछे अयान मुखर्जी का हाथ बताया।

बता दें अयान मुखर्जी लंबे अरसे से ब्रह्मास्त्र फिल्म को बना रहे थे। 9 सिंतबर को रिलीज हुई इस फिल्म को खराब रिव्यूज मिल रहे हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, नागार्जुन के साथ रणबीर कपूर और आलिया भट्ट, शाहरुख खान और बॉलीवुड के कुछ अन्य बड़े एक्टर्स अहम किरदारों में हैं।

## आप ने भाजपा पर साधा निशाना

# गुजरात में हमारी बढ़ती लोकप्रियता से घबरा रही भारतीय जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** आप के अहमदाबाद आफिस पर गुजरात पुलिस द्वारा की गई रेड को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर निशाना साधा है।आप के चार नेताओं ने इस मुद्दे पर अलग अलग प्रेसवार्ता कर भाजपा की गुजरात सरकार को कटघरे में खड़ा किया।पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा की गुजरात पुलिस ने आप के अहमदाबाद आफिस पर रविवार को रेड करने के बाद इससे इंकार कर दिया था लेकिन सोमवार को फिर छापा पड़ा है।गुजरात में आप कार्यालय पर छापेमारी का एकमात्र कारण ताजा सर्वे में आप का दूसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरना है।आप की लोकप्रियता गुजरात में तेजी से बढ़ रही है। उस हिसाब से आप बहुत जल्द नंबर एक पार्टी बन जाएगी।उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल की लोकप्रियता से घबराकर भाजपा फर्जी आरोप लगाकर आप का उत्पीड़न कर रही है। गुजरात की जनता चुनाव में इसका सूद समेत हिसाब लेगी।आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि सीबीआइ-ईडी की तरह गुजरात पुलिस ने आम आदमी पार्टी को क्लीन चिट दी है। गैरकानूनी तरीके से अहमदाबाद के आप कार्यालय में की गई रेड में भी कुछ नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों के पास सर्च वारंट भी नहीं था। इस दो घंटे की रेड के दौरान पुलिस अधिकारी पूछते रहे कि पैसा कहां रखते हो ? उन्होंने कहा कि आप के नेताओं और कार्यालयों पर रोज-रोज रेड का कारण आप का गुजरात में बहुत तेजी से बढ़ता ग्राफ है। भाजपा को आम आदमी पार्टी गुजरात में सीधी टक्कर दे रही है।वहीं आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप बहुत जल्द गुजरात में नंबर एक पार्टी बनने वाली है।भाजपा ने बौखलाहट में गुजरात पुलिस से आफिस पर रेड डलवाई है।इस मुद्दे पर आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा ने आप अहमदाबाद दफ्तर में बिना वारंट रेड कराई।

## दस विश्वविद्यालयों के छात्र करेंगे सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा

नई दिल्ली। दिल्ली के 10 विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के छात्रों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बार्डर वाले क्षेत्र में भेजा जाएगा। उपराज्यपाल सचिवालय की ओर से इसे लेकर विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखा गया है। उन्हें विश्वविद्यालय की तरफ से आगामी 15 सितंबर तक कार्ययोजना साघ करने के निर्देश दिए गए हैं।जानकारी के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव जश्न को लेकर बनी राष्ट्रीय समिति में उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी सदस्य हैं। उन्होंने तय किया है कि दिल्ली के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कम से कम 75-75 छात्रों को देश के बार्डर वाले क्षेत्रों में भेजेंगे ताकि वह उस जगह को जान सकें। वहां जाने से उन्हें पता चलेगा कि रक्षा में जुटे कर्मचारी एवं केन्द्रीय पुलिस संगठन किस तरह के मुश्किल हालात में देश की रक्षा कर रहे हैं। इससे उन्हें आजादी का महत्व बेहतर ढंग से समझ आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था।इस बैठक में कहा गया था कि प्रत्येक विश्वविद्यालय कम से कम 75 छात्रों को बार्डर पर भेजें। इसके चलते उपराज्यपाल सचिवालय की तरफ से 10 विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान को पत्र लिखकर उनसे योजना मांगी गई है।

# मुख्यमंत्री योगी बोले- उत्तर प्रदेश की दुग्ध क्रांति से आमदनी और रोजगार दोनों में होगा विकास



नोएडा न्यूज। यूपी में पांच साल के अंदर नंद बाबा दूध मिशन के तहत डेयरी सेक्टर में नए निवेश के लिए भी कई प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अपनी नई पालिसी बनाई गई है। इसमें अनके प्रकार के इनसेंटिव देने और जहां कहीं भी डेरी क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है वहां पर उनको आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रोत्साहन देने को तैयार है।

यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपोमार्ट में आयोजित वर्ल्ड डेयरी समिट के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 48 साल बाद देश में डेयरी समिट का आयोजन किया जा रहा है और प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर की धरती को चुनकर विशेष कार्य किया है। चूंकि देश में सबसे बड़ी आबादी वाला प्रदेश भी यूपी है और यहां पर सबसे अधिक दुग्ध उत्पादन भी किया जाता है। देश का कुल 16 फीसदी दुग्ध उत्पादन यूपी से किया जाता है और 319 लाख मीट्रिक टन उत्पादन कर बड़ा राज्य बना है। दूध उत्पदन को और बढ़ाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। दुग्ध उत्पादन में करीब 70 फीसदी महिलाओं की भागीदारी है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 से प्रदेश में ग्लोबल इनवेस्टर समिट का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसमें नई पालिसी के तहत डेयरी सेक्टर को बढ़ावा देते हुए किसानों और पशुपालकों के जीवन में बदलाव लाने की योजना बनाई है।

लघु एवं छोटे किसान ही कृषि के साथ-साथ पशु पालने का भी काम करते हैं। यूपी में चूंकि यह उनकी परंपरागत व्यवस्था चली आ रही है। यदि इन लघु कृषकों को तकनीकी के साथ जोड़ दिया जाए तो वह दिन दूर नहीं होगा जब श्वेत क्रांति की धारा उत्तर प्रदेश से ही शुरू होगी। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत किसान-पशुपालकों को स्वालंबन की ओर अग्रसर करते हुए रोजगार का सृजन होगा। साथ ही निवेश को बढ़ाने का काम करेगा।

इस सेक्टर में (स्टेक होल्डर) निवेशकों से अलग-अलग चरणों में बात की जा रही है, जिसे जल्द ही अमली जामा पहनाया जा सकेगा। उन्होंने बुंदेलखंड के बलेनी दुग्ध समिति का नाम लेते हुए कहा कि आज महिलाओं के इस समूह से 41 हजार लोग जुड़े हुए हैं ओर 795 गांवों से 135 हजार लीटर दूध का कलेक्शन किया जाता है। इससे 150 करोड़ का टर्न ओवर है। इससे 13 करोड़ हर साल बचत होती है। इसके अलावा वाराणसी में ग्रीन फील्ड डेयरी समूह की साझेदारी के तहत 10 हजार क्यसिक दूध का उत्पादन किया जा रहा है। इस दौरान मंच पर केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी उद्योग मंत्री पुरुषोत्तम रुपाल, केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, प्रदेशध्यक्ष और राज्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र कुमार, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा और राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर आदि मौजूद रहे।

**यूपी में साढ़े दस लाख गोवंशों का हो रहा संरक्षण**

सीएम योगी ने कहा कि यूपी निराश्रित पशुओं बड़ी चुनौती है और यूपी में 6,600 गोस्थल चलाए जा रहे हैं। इनमें नौ लाख से अधिक गोवंश का सरंक्षण किया जा रहा है। जबकि डेढ़ लाख लोगों द्वारा भी गोवंश का सरंक्षण किया जा रहा है और उनको हर माह उसके खर्च के लिए राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि खुरपका-मुहपका रोग से बचाने के लिए 84 लाख गोवंशों का टीकाकरण कराया जा चुका है।

## रीडिंग में गड़बड़ी होने पर मीटर रीडर और एजेंसी के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के भीतर मीटर रीडिंग में गड़बड़ी करने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी चल रही है। दिल्ली जल बोर्ड ने मीटर रीडिंग में गलत पाए जाने पर कड़ा कठोर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को सभी 21 बिलिंग एजेंसियों के साथ बैठक ली।

दरअसल, दिल्ली जल बोर्ड के 41 जोन है, जिसमें 21 जोन में बिलिंग के लिए प्राइवेट एजेंसियों को नियुक्त किया गया है। इस मौके पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी पर अब बिलिंग एजेंसियां भी जिम्मेदार होंगी। मीटर रीडर की डिटेल्स को आधार से लिंक किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। मीटर रीडर को न्यूनतम मानदेय न देने वाली एजेंसियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि न्यूनतम मानदेय से कम भुगतान करने वाली एजेंसियों को नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि एजेंसियों की ओर से न्यूनतम मानदेय न देने की वजह से मीटर रीडर उपभोक्ताओं से पैसे मांग रहे है, ये बेहद चिंता का विषय है और इस पर तुरंत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## बिल्डरों को फीस जमा करने का निर्देश

**गाजियाबाद न्यूज।** जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन अमित मधोलिया ने बिल्डर को अंतरिक्ष हाइटस सोसाइटी का सर्वे के लिए 40 लाख रुपये की फीस जमा कराने का निर्देश दिया है। इसके अलावा तीन अन्य बिल्डरों को भी सोसाइटी एरिया के अनुसार फीस जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह फीस तीन किस्तों में जमा करानी होगी। जमानत राशि के तौर पर 6.60 लाख रुपये सात दिन में जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन के समक्ष में जमा कराने होंगे। सर्वे के दौरान ऑडिट करने वाली ब्यूरो वर्टियास, बिल्डर और आरडब्ल्यूए पक्ष के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। डीटीपी की ओर से बिल्डरों को जारी आदेश में कहा गया है कि चार बहुमंजिला सोसाइटी के 61 टावर का संरचनात्मक ऑडिट जल्द ही शुरू होगा। इसके लिए ब्यूरो वर्टियास कंपनी का चयन किया गया है। चारों सोसाइटी के बिल्डरों को संरचनात्मक ऑडिट की फीस पहले से जमा कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसमें अंतरिक्ष हाईटस, ब्रिक्स लुंबिनी, मैप्सको रॉयल और रहेजा वेदांता सोसाइटी शामिल हैं। इस ऑडिट में टॉवरों की बीम, नींव, प्लास्टर, दीवारें, फर्श, टॉवर का क्षतिग्रस्त हो रहा हिस्सा गहनता के साथ जांचा जाएगा। ये टॉवर रहने के लायक हैं की नहीं। इनमें किस तरह का सुधार किया जा सकता है। यह कितने दिन तक सुरक्षित आवास के लिए ठीक हैं। अन्यथा इनको खाली कराया जाएगा। जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन अमित मधोलिया ने कहा कि चार सोसाइटियों का पहले संरचनात्मक सर्वे होगा। इसमें सेक्टर-84 के 23 एकड़ क्षेत्रफल में अंतरिक्ष हाइटस सोसाइटी के 13 टॉवर विकसित किए गए है। यह एरिया 22 89 600 वर्ग फीट है। इसी तरह सेक्टर-109 के 16 एकड़ क्षेत्रफल में ब्रिस्क लुंबिनी सोसाइटी के 22 टॉवर बनाए गए।

## डीएम व सीडीओ ने की निर्माण कार्य की समीक्षा

**गाजियाबाद** । जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर के निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्य पारदर्शिता, निर्धारित समय अवधि एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। विकास भवन स्थित अपने कार्यकक्ष में जनपद गाजियाबाद में 50 लाख एवं 10 करोड़ की लागत से अधिक के निर्माण कार्यों की समीक्षा समस्त कार्यदायीं संस्थाओं के साथ की गई। इनमें पूर्ण परियोजनाएं, धन अभाव के कारण बाधित परियोजनाएं, अन्य कारणों से बाधित परियोजनाएं एवं प्रगति पर परियोजनाओं की समीक्षा की गई एवं अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

# 72 साल के हो गए पीएम नरेंद्र मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को पीएम 72 वर्ष के हो गए। आज दिन भर उनके लिए एक व्यस्त कार्यक्रम है क्योंकि आज विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। आप चाहें तो आप भी पीएम मोदी को हैप्पी बर्थडे कह सकते हैं। इसके लिए आपको नमो ऐप का उपयोग करना होगा और उसके जरिए आप प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर अपनी शुभकामनाएं भेज सकते हैं। आप वीडियो संदेश या एक फोटो रिकॉर्ड करके पीएम मोदी को शुभकामनाएं भेज सकते हैं जिन्हें सीधे ऐप पर अपलोड किया जा सकता है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 72 साल के हो गए हैं। पीएम मोदी के जन्मदिन पर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के साथ ही विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं ने भी ट्वीट कर बधाई दी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी ट्वीट कर पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है। गृह मंत्री अमित शाह ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए हैं। अमित शाह ने ट्वीट कर कहा है कि देश के सर्वप्रिय नेता और हम सभी के प्रेरणास्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। उन्होंने अपने ट्वीट में ये भी कहा कि पीएम मोदी ने अपनी भारत प्रथम की सोच और गरीब कल्याण के संकल्प से असंभव कार्यों को भी संभव करके दिखाया है।अमित शाह ने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए एक अन्य ट्वीट किया। उन्होंने इस ट्वीट में कहा कि गरीब कल्याण, सुशासन, विकास, राष्ट्र सुरक्षा और ऐतिहासिक सुधारों के समांतर समन्वय से नरेंद्र मोदी ने मां भारती को फिर सर्वोच्च स्थान पर आसीन करने के अपने संकल्प को धरातल पर चरितार्थ किया है। यह निर्णायक नेतृत्व और उस नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास के कारण ही संभव हो पाया है।

# बिजली विभाग की आठ जोन के टॉप डिफाल्टरों पर कार्रवाई

## विभाग ने अस्थायी और स्थायी कनेक्शन काटे



**गाजियाबाद न्यूज।** शहर में डिफाल्टरों पर बिजली विभाग की ओर से शिकंजा कसने की तैयारी कर ली गई है। विद्युत निगम ने जिले के सभी 8 जोन से टॉप-25 डिफाल्टरों की सूची तैयार करते हुए उन पर कार्रवाई का चाबुक चलाया। कुल 400 डिफाल्टरों पर करीब 75 करोड़ रुपये का बकाया था, जिनसे करीब 50 करोड़ रुपये वसूले गए। बाकी डिफाल्टरों के खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई करते हुए विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई।

पुराने डिफाल्टरों के खिलाफ विद्युत निगम की ओर से प्रत्येक जोन में 25-25 ऐसे बड़े डिफाल्टरों की सूची तैयार की गई, जिन्होंने काफी समय से बकाया बिल का एक भी रुपया जमा नहीं कराया था। इनमें निजी उपभोक्ताओं के अलावा पावरलूम और कई सरकारी विभाग भी शामिल थे। जिले में सभी आठ जोन के डिफाल्टरों पर विद्युत निगम की ओर से कार्रवाई का चाबुक चला तो 221 ने बकाया बिल का 50.46 करोड़ रुपये की अदायगी कर दी। वहीं, अभी 68 के चेतावनी के साथ मोहलत देते हुए अस्थायी और 29 डिफाल्टरों के स्थायी रूप से विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। बाकी बचे 82 डिफाल्टरों में पावरलूम और सरकारी विभाग भी शामिल हैं। इन पर विभाग का करीब 25 करोड़ रुपया बकाया है। उधर, बिजली विभाग के मुख्य अभियंता मुकेश मित्तल का कहना है कि पिछले काफी समय से विद्युत बिल जमा न करने वाले प्रत्येक जोन के डिफाल्टरों पर कार्रवाई का असर हुआ है। बकायेदारों की भी सूची तैयार की गई है, जिनके खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी। बाकी डिफाल्टरों पर भी नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक और वेव सिटी के लोगों को जल्द मिलेगा नये थाने का तोहफा




**गाजियाबाद न्यूज।** गाजियाबाद में दो नए पुलिस स्टेशन बनाने के लिए उप्र शासन ने मंजूरी दे दी है। ये नए थाने क्रॉसिंग रिपब्लिक और वेव सिटी नाम से होंगे। इसके बाद अब गाजियाबाद में पुलिस स्टेशनों की संख्या 22 से बढ़कर 24 हो जाएगी। नए पुलिस स्टेशनों के लिए शासन से जल्द ही पद स्वीकृत किए जाएंगे। दरअसल, थाना विजय नगर से क्रासिंग रिपब्लिक नया थाना बनेगा। इसमें चौकी सेक्टर-9 और क्रासिंग रिपब्लिक एरिया आएगा। जबकि कविनगर थाने से अलग होकर बनने वाले वेव सिटी थाने में चौकी डासना, दूधिया पीपल, लालकुआं का एरिया आएगा।

हालांकि गाजियाबाद एसएसपी ने चार नए थानों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। इसमें क्रॉसिंग रिपब्लिक और वेव सिटी के अलावा नीति खंड और अंकुर विहार शामिल थे। शासन से अभी सिर्फ दो पुलिस स्टेशनों को हरी झंडी दी गई है। एसएसपी के मुनीराज जी के मुताबिक कि शहरी क्षेत्र में नया थाना बनाने के लिए आबादी 50 हजार या इससे अधिक होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में थाना बनाने के लिए आबादी 75 हजार से 90 हजार के बीच होनी जरूरी है। जबकि थाने का क्षेत्रफल 113 वर्गमीटर होना चाहिए। इस आधार पर शहर में चार नए पुलिस स्टेशन बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव पूर्व में भेजा गया था। इसमें से दो पुलिस स्टेशनों को मंजूरी मिली है। उम्मीद है कि भविष्य में और नए पुलिस स्टेशनों को भी मंजूरी मिल जाएगी। गाजियाबाद जिले में कुल 22 पुलिस स्टेशन हैं। जिले में कुल पुलिस स्टाफ करीब 4500 है। जबकि जिले की आबादी 40 लाख पार हो चुकी है। इस हिसाब से 800 लोगों की सुरक्षा पर एक पुलिसकर्मी है। गाजियाबाद में पिछले कुछ समय से आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। यहां सबसे ज्यादा स्नेचिंग और वाहन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में नए पुलिस स्टेशन बनाने की जरूरत पड़ी और प्रस्ताव शासन में भेजा गया।

# शहर के स्कूल-कॉलेजों में रंगारंग कार्यक्रम व संगोष्ठी, बच्चों को बताया हिंदी का महत्व

**गाजियाबाद।** शहर के स्कूल-कॉलेजों में हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, रंगारंग कार्यक्रमों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहां हिंदी को बढ़ावा देने सहित हिंदी के अस्तित्व पर गहनता से चर्चा की गई। जिले के स्कूलों में बुधवार को हिन्दी हमारी शान है, हिंदी हमारा अभिमान है, हिंदी हमारी मातृभाषा है के नारे और कविताएं सुनाई गईं। बुधवार को हिंदी दिवस पर स्कूल-कॉलेजों में छात्रों को हिंदी का महत्व बताया। सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में छात्रों ने हिन्दी दिवस पर आधारित कविताओं, दोहों एवं नारों पर आधारित रंग-बिरंगे पोस्टर बनाए। प्रधानाचार्या डॉ. माला कपूर ने कहा कि हिन्दी ने हमें एक नई पहचान दिलाई है। यह संपूर्ण विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। हिन्दी विश्व की सबसे प्राचीन, सरल और समृद्ध भाषा मानी जाती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी हर हिंदुस्तानी की पहचान के साथ एकता की अनुपम परंपरा है। श्री ठाकुरद्वारा बालिका स्कूल में हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करते हुए नुक्कड़ नाटक, नृत्य, हास्य कविताएं, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और मुहावरों के जरिए हिंदी में अकबर-बीरबल का नाटक पेश किया। विद्यालय के मैनेजर अजय गोयल तथा प्रधानाचार्या ने सभी छात्राओं को हिंदी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# रातोंरात बिल्डर ने किया अवैध निर्माण

**गाजियाबाद न्यूज।** अवैध निर्माण पर जीडीए सचिव बृजेश कुमार का जीरो टालरेंस है। जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह द्वारा उन्हें जोन-छह का प्रवर्तन प्रभारी व प्रवर्तन अनुभाग का नोडल अधिकारी नियुक्त करने के बाद से अवैध निर्माण करने वालों में खलबली मची हुई है।

जीडीए सचिव की सख्ती के बाद से जोन-छह में स्वीकृत नक्शे के विपरीत सभी अवैध निर्माण पूरी तरह बंद हो गए हैं। इंदिरापुरम में शक्तिखंड-4 स्थित भूखंड संख्या-490 पर बिल्डर सतीश चौहान द्वारा स्वीकृत नक्शे के विपरीत पूरे भूखंड को कवर करते हुए अवैध निर्माण कराया गया था, जिसे शनिवार शाम प्राधिकरण की प्रर्वतन टीम ने बंद करा दिया था लेकिन बिल्डर ने अधिकारियों को झांसा देने के लिए शनिवार को रातोंरात चौथे फ्लोर की अवैध छत डलवा दी। रविवार को जीडीए कार्यालय बंद रहेगा और कोई निगरानी नहीं करेगा व कार्रवाई नहीं होगी, यही सोचकर बिल्डर ने अवैध छत डलवाई थी लेकिन एक-एक अवैध निर्माण की पल-पल की मानिटरिंग सचिव खुद कर रहे हैं।

रविवार सुबह उन्हें उक्त भूखंड में अवैध छत डालने की जानकारी मिली। इस पर उन्होंने छुट्टी के दिन ही प्रवर्तन टीम को मौके पर भेजकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। जीडीए सचिव बृजेश कुमार ने स्पष्ट कहा कि किसी सूरत में अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। सभी लोग प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही निर्माण करें।

अवैध निर्माण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जीडीए सचिव सिर्फ प्रवर्तन अनुभाग में तैनात अभियंताओं के भरोसे नहीं हैं। वह दूसरे अनुभाग में तैनात अभियंताओं से चेकिंग कर रिपोर्ट ले रहे हैं। उपरोक्त मामले में भी उन्होंने अभियंत्रण में तैनात अभियंताओं को चेकिंग के लिए भेजा था लेकिन खास बात यह रही कि अभियंत्रण ने जो रिपोर्ट दी, वही रिपोर्ट प्रवर्तन टीम ने दी थी।

# जिला औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत कृषकों को समय से मिले लाभः डीएम राकेश कुमार सिंह



**गाजियाबाद।** डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं, जिला औद्यानिक मिशन योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर "ड्रॉप मॉर क्रॉप" (माइक्रोइरिगेशन) योजना वर्ष 2022-23 के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें डीएम ने वर्ष 2021-22 में विभाग द्वारा संचालित कराये गये कार्यक्रमों पर भौतिक एवं वित्तिय लक्ष्यों के सापेक्ष पूर्ति पर विस्तृत चर्चा की ।

समीक्षा में जिलाधिकारी ने पाया कि वर्ष 2021-22 में ड्रिप सिंचाई योजनान्तर्गत जनपद में लक्ष्यों के सापेक्ष 247.084 है0 भूमि पर ड्रिप व स्प्रिंकलर सिस्टम के द्वारा कृषकों को लाभान्वित किया गया। जिला औद्यानिक मिशन 2021-22 अन्तर्गत, शाकभाजी पुष्प,, प्याज, मशीनीकरण एवं पॉली हाउस आदि कार्यक्रम सम्पादित कराये गये। ड्रिप सिंचाई योजनान्तर्गत लघु-सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत और सामान्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से कृषकों के खाते में दिया गया है।बैठक में जिला उद्यान अधिकारी निधि ने बताया कि जिला औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत कृषकों के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में 25 प्रतिशत, 40 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। जिलाधिकारी ने बैठक में कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों/ प्रगतिशील/ कृषकों/ कम्पनी प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए मार्गदर्शन दिया गया। जिला उद्यान अधिकारी कु निधि द्वारा समिति सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्ष 2022-23 में जनपद में 661 है0 क्षेत्रफल ड्रिप और 650 है0 क्षेत्रफल में स्प्रिंकलर सिस्टम कुल 1225 है0 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसकी पुर्ति करते हुए 247.84 है0 क्षेत्रफल को अच्छादित किया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि न्याय पंचायत स्तर पर पंचायत भवनों में उद्यान विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए भवनों को ठीक कराकर कृषकों की सुविधा अनुसार प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराये जायें। जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम मात्र 05 वर्ष तक ही सुचारू रूप से कार्य कर पाते हैं, कृषकों की शिकायत के अनुसार 07 वर्ष की अवधि के जगह 05 वर्ष किया जाये इसके लिए निदेशालय और शासन को अवगत कराया जाये।

# निर्यातक एवं कृषकों के बीच मीटिंग कराने का सुझाव

गाजियाबाद न्यूज। डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी नगर बिपिन कुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 की बैठक कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में नीति के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सुविधा इकाई गाजियाबाद के सदस्य सचिव रूप सिंह जेष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने नीति में हुए संशोधनों को विस्तारपूर्वक अवगत कराते हुए बताया कि क्लस्टर बनाने हेतु न्यूनतम 50 हेक्टेयर के लिए 20-20 हेक्टेयर की निरंतरता को समाप्त करते हुए 50 हेक्टेयर भूमि एक विकासखंड की सीमा अंतर्गत होनी चाहिए। बैठक में इनविट्स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के प्रबंध निदेशक सुंदर चौहान ने निर्यातक एवं कृषकों के बीच मीटिंग कराने का सुझाव दिया।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016-18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.